‘आयुष्मान भारत’ योजना

चर्चा में क्यों?

19 अक्तूबर, 2021 को हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने राज्य के नंबरदार एवं उसके परिवार को ‘आयुष्मान भारत’ योजना का लाभ दिये जाने की घोषणा की। इसके तहत 5 लाख रुपए तक प्रतिवर्ष कैशलेस इलाज करवाया जा सकेगा।

प्रमुख बिंदु

- दुष्यंत चौटाला ने बताया कि राज्य के नंबरदारों व उनके परिवार के सदस्यों को निःशुल्क आयुष्मान कार्ड बनाकर दिये जाएंगे, जो प्रदेश में कॉमन सर्विस सेंटर व इंपैनल्ड अस्पतालों में बनाए जाएंगे।
- प्रदेश में 612 अस्पताल आयुष्मान भारत योजना के तहत इंपैनल्ड हैं, जिनमें 436 निजी व 176 पब्लिक अस्पताल शामिल हैं।
- उल्लेखनीय है कि प्रदेश में करीब 20 हज़ार नंबरदार हैं, जिनके परिवारों को केंद्र सरकार की उक्त योजना का लाभ मिलेगा।
- अगर जल्दबाज़ी में नंबरदार के परिवार का कोई सदस्य अस्पताल में एडमिट होने के वक्त अपना आयुष्मान कार्ड साथ ले जाना भूल गया है, तो भी बॉयोमीट्रिक से उसकी एंट्री करके इलाज तुरंत शुरू कर दिया जाएगा।
- इस योजना के तहत डिस्चार्ज होने के बाद मरीज़ के मोबाइल नंबर पर मैसेज आ जाएगा कि उसका इलाज के दौरान कितना खर्च आया है, यही नहीं मरीज़ से उसके इलाज के बारे में फीडबैक भी लिया जाएगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/ayushman-bharat-scheme-1